सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-529
05/12/2016

तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 दिसम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक–संदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री जयललिता एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थीं। उनके निधन से न केवल तमिलनाडु बल्कि पूरे देश की राजनीतिक, सामाजिक, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******